NIOS/Acad./2020/333/14/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान

पाठ 14 : वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दे

कार्यपत्रक - 14

1 'बढ़ते मानव हस्तक्षेप के कारण पर्यावरण तेजी से खराब (नष्ट) होने की दिशा मे बढ़ रहा है।' अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

2 त्वचा कैंसर का एक कारण ओजोन पर्त का क्षय भी है। यह क्षय त्वचा कैंसर से किस तरह सम्बन्धित है?

3 दिये गये समीकरण में रिक्त स्थान भरिये और इस समीकरण के द्वारा कौन-सी प्रक्रिया हो रही है, वर्णन कीजिये।

$$Cl + O_2 \longrightarrow \text{-----------} + O_2$$

$$2ClO + \text{------} \longrightarrow 2Cl + O_2$$

4 तेल रिसाव के कारण जलीय जीवन कैसे प्रभावित होता है? वर्णन कीजिये।

5 भूमंडलीय तापन पर हरित ग्रह गैसों के प्रभाव का वर्णन करिये। (आप अपने शब्दों में भी वर्णन कर सकते है या फिर स्व-व्याख्यात्मक प्रवाह चार्ट से भी वर्णन कर सकते हैं।)

6 आपके क्षेत्र मे स्थित किसी प्रसिद्ध इमारत को अम्ल वर्षा से होने वाली क्षति से बचाने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहोगे? उल्लेख कीजिये।

7 क्या आपको पता है कि तेजी से बढ़ता हुआ औद्योगीकरण किसी देश की जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है? यदि हां, अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

8 अपने क्षेत्र मे संकटदायी अपशिष्ट पदार्थों के एकत्रित होने सम्बन्धी समस्या की विवेचना करिये।

9 क्या किसी जलीय निकाय का सुपोषित होता अच्छा हैं? अपने उत्तर के पक्ष और विपक्ष में कारण दीजिये।

10 हम अपने पर्यावरण को स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर किस तरह से स्वच्छ और सतत् बनाये रख सकते है? वर्णन कीजिये।